## डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**वैर**। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल वैर द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने की।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 6 जुलाई 1901 में उनका कलकत्ता में जन्म हुआ और 23 जून 1953 में कश्मीर में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे जनसंघ के संथापक थे। उन्होंने एक नारा दिया था कि एक देश मे दो विधान, दो निशान, दो सरकार नही चलेगी। उन्होंने आंदोलन भी किया था ।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो उनकी जो इच्छा थी वो आज पूरी हो गयी ।परन्तु आज अगर जीवित होते तो उनका सपना साकार होते देखते। बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यकम में उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित करके उनको श्रदांजलि दी।

इस अवसर पर मंडल महामन्त्री सत्यपाल चौधरी ,राखी लाल सैनी , मंडल उपाध्यक्ष संजय सोनी, उमेश गोयल, सतीश प्रजापत्, कमलकांत सैनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष रिंकू सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल, हेमन्त कश्यप अमन कश्यप सहित अनेकों बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेश संगठन महामंत्री ने पीएम योजनाओं को गिनाया

**करौली** (निंसं.)। करौली प्रवास पर रहे भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने गुरुवार को करौली के मदन मोहन जी महाराज एवं कैलामाता के दर्शन लाभ लेते हुए लोगों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रपत्र वितरित किए।

करौली आए भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने गुरुवार को प्रातः करौली शहर में लोगों से जन संपर्क कर मोदी के 8 साल सेवा,सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना की क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया सहित कार्यकर्ताओं ने आम राहगीर, दुकानदारों एवं घरों पर पहुंचकर नरेंद्र मोदी की उपलब्धि के प्रपत्र वितरण किए। इसके पश्चात प्रातः 9:30 बजे प्रदेश संगठन महामंत्री मदन मोहन जी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने भगवान के दर्शन लाभ प्राप्त किए वहीं प्रातः 10 बजे राम द्वारे में आरएसएस की बैठक में भाग लिया और 10:30



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने प्रधानमंत्री की योजनाओं की लोगों को जानकारी देकर पत्रक वितरण किये।

बजे शहर के शिव अशोका पैराडाइज में पहुंचकर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर। कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर आयोजित बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया के द्वारा की गई एवं डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष हमेन्द्र वशिष्ट के द्वारा किया गया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा,संरचना मंडलों की बूथ समितियां,पन्ना प्रमुख तक के कार्य को देखा। इस दौरान संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि पार्टी के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को आज से महीने में 75 घंटे काम करना होगा। लाभार्थियों से मिलना होगा,स्वच्छता कार्यक्रम, फल वितरण जैसे अनेकों कार्य प्रत्येक कार्यकर्ता को करने हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए समय निकाल कर काम करना होगा प्रत्येक कार्यकर्ताओं को दो-दो घंटे का समय देना है। आने वाले 2023 के चुनावों में सभी कार्यकर्ताओं को आज से ही कमर कसनी होगी। और पार्टी का विस्तार करना ह इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने संगठन की गतिविधि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रह्लाद सिंहल,किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अशोक सिंह धाबाई,पूर्व विधायक रमेश मीणा,सुरेश मीणा,सुखलाल मीणा,राजेंद्र शेखपुरा,पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा,शिव कुमार सैनी, जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह बैंसला, के. के. मित्तल,मीडिया प्रभारी मुकेश सालौत्री सहित जिले भर के पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करौली में जल सुरक्षा पर कार्यशाला में हुआ मंथन

**करौली** (निंसं.) । नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज फाउण्डेशन की क्षेत्रिय संस्था वाटर ऐड, करौली द्वारा हॉटल प्रकाश मे ग्राम पंचायतों की जल सुरक्षा हेतु ग्राम पंचायत के संसाधनों का उपयोग को लेकर सरपंचों एवं ग्राम विकास अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्था के शक्ति वर्धन जिला समन्वयक ने बताया कि कि वाटर एड संस्था जिला करौली में जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज फाउण्डेशन के सहयोग से करौली जिले मे कार्य कर रही है। शक्ति वर्धन द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायतों में जल सुरक्षा क्यों जरूरी है तथा हम सब मिलकर कैसे जल को बचा सकते है। क्योंकि आने वाले समय में पीने योग्य पानी मिलना बहुत मुश्किल होने वाला है।

हम सब मिलकर किस प्रकार से ग्राम पंचायतों की जल सुरक्षा हेतु ग्राम पंचायतों के संसाधनों का सदुपयोग कर सकते हैं। कार्यशाला में संस्था से जमना बगोरा,सुनील गुप्ता, चन्द्रकान्त एवं अंकुश सूर्यवंशी ने सहयोग प्रदान किया।

### सार-समाचार

## ओम बिरला से शिष्टाचार मुलाकात

**सवाई माधोपुर**। लोकसभा अध्यक्ष ओम जी बिरला के जयपुर प्रवास पर जयपुर सर्किट हाउस में अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय आध्यात्मिक मंत्री पंडित ताराचंद शास्त्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार मुलाकात कर मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान सवाई माधोपुर द्वारा त्रिनेत्र गणेश जी महाराज की पावन धरा सवाई माधोपुर में आयोजित चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन में पधारने का आमंत्रण पत्र दिया एवं संस्थान द्वारा की जा रही गतिविधियों के संदर्भ में भी लोकसभा अध्यक्ष को अवगत करवाया।


**कार्यालय पंचायत समिति, बयाना (भरतपुर)**

क्रमांकः/पंसब/लेखा/2022-23/234-239

दिनांकः22.06.2022

CORRIGENDUM

पंचायत समिति बयाना एवं अधिनस्थ 46 ग्राम पंचायतों में हैण्डपम्प एवं सिंगल फेस डीपबोर कार्य बाबत् वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आमंत्रित ई-निविदा संख्या 03/2022-23 के लिए निविदाएं अपलोड करने की अन्तिम तिथि 22.06.2022 से बढ़ाकर 04.07.2022 सायं 6.00 बजे, आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम तिथि 05.07.2022 एवं प्राप्त निविदाऐं खोलने की तिथि 06.07.2022 प्रातः 11.00 बजे संशोधित की जाती है। अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

NIB-ZBH2223A0055
UBN-ZBH2223WSOB00124


विकास अधिकारी
पंचायत समिति, बयाना


## कम्प्यूटर में गुनगुन गुप्ता प्रथम

**करौली** (निंसं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में आयोजित मोंटेसरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शिविर प्रभारी मुकेश सारस्वत ने बताया कि 17 मई से चल रहे अभिरुचि शिविर में विभिन्न सीखी गयी विधाओं की प्रतियोगिताओं में कम्प्यूटर, मेहंदी, चित्रकला और नृत्य में बच्चों ने भाग लिया। जिसमें कम्प्यूटर में गुनगुन गुप्ता ने प्रथम, दिव्यांशु मीना ने द्वितीय व व्योम शर्मा व मोहित अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।मेहंदी में अनुष्का गौड ने प्रथम,शिवानी जांगिड़ व पल्लवी गोयल ने द्वितीय, देवयानी मित्तल व दीक्षिता गौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।चित्रकला में कनिष्का मीणा ने प्रथम,त्रियांशु शर्मा व अंकित गौड़ ने द्वितीय व राशि बंसल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि नृत्य प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम,खुशी पाराशर, अंकित गौड़ ने द्वितीय,शिवम निगम व तनीषा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।शिविर का समापन 26 जून को स्काउट कार्यालय पुरानी नगरपालिका के पास करौली में होगा।

# बयाना के गांव गुर्धानदी में अतिक्रमण हटाए



बयाना क्षेत्र के गांव गुर्धानदी में गुरूवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर आम रास्तों में हो रहे अतिक्रमणों को हटवाया गया।

**बयाना** । बयाना क्षेत्र के गांव गुर्धानदी में गुरूवार को जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाकर आम रास्तों में हो रहे अतिक्रमणों को हटवाया गया। इस कार्रवाही के दौरान गांव में काफी हलचल का माहौल रहा। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाही वहां की ग्राम पंचायत की सरपंच मधु कटारा की शिकायत पर की गई। यह अतिक्रमण हटाओं अभियान प्रभारी उपखंड अधिकारी अमित शर्मा ,कोतवाली प्रभारी हरीनारायण मीणा, नायब तहसीलदार पुष्करसिंह व पंचायत समिती प्रशासन की मौजूदगी में की गई। अभियान के दौरान वहां की महिला सरपंच के ससुर की ओर से किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया गया। ग्राम विकास अधिकारी बच्चूसिंह मीणा ने बताया कि इससे पहले कई बार अतिक्रमणकारीयों को अपने अतिक्रमण हटाने के लिए भी नोटिस दिए गए थे। उपखंड अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक देवेन्द्रषर्मा ने बताया कि यह कार्रवाही जिला परिशद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देष पर की गई।

## विश्वेंद्र सिंह के जन्म दिवस पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**भरतपुर** (निसं) । सैनी समाज के जिलाअध्यक्ष रामेश्वर सैनी पार्षद ने राजस्थान सरकार की कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह के 60 वें जन्मदिवस पर पक्का बाग हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ करके उनकी दीर्घायु आयु,की कामना की उसके बाद पार्षद रामेश्वर सैनी के नेतृत्व में वर्ल्ड सेंचुरी पर विश्वेंद्र सिंह को सैनी समाज की ओर से 11 किलो की फूलमाला साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर विश्वेंद्र सिंह का समाज की ओर से जबरदस्त स्वागत किया गया। साथ ही वार्ड वासियों को मिठाई वितरित कर, ढोल नगाड़े बजाकर,जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया विश्वेंद्र सिंह के जन्म दिवस पर 11 किलो का सैनी समाज की ओर से केक भी काटा गया इस मौके पर सैनी समाज के जिला संयोजक रामगोपाल सैनी एडवोकेट जिला अध्यक्ष रामेश्वर सैनी पार्षद रवि यदुवंशी दिनेश रामनगर दीपक शर्मा राकेश वर्मा योगेश के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक चोरी का प्रयास

**बयाना**। भर्तृहरि कॉलोनी में संदिग्ध युवक ने बाइक चोरी का प्रयास किया। यह वारदात वहां लगे एक जने के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाने के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।


**कार्यालय नगरपालिका टोडाभीम जिला-करौली (राज.)**

क्रमांक/नपाटो/PSKS/2022-23/1331 दिनांकः 21.06.2022

**आपत्ति आमंत्रण-पत्र**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा स्टेट ग्रान्ट के अन्तर्गत टोडाभीम में आवासीय पट्टा हेतु आवेदन किया है जिनके नाम निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गगज में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अब्दुल बफा | अब्दुल कदीर | वार्ड नं. 25, काजी पाड़ा | 88.00 |
| 2. | अब्दुल आला फारूकी | अब्दुल कदीर | वार्ड नं. 25, काजी पाड़ा | 135.87 |
| 3. | अब्दुल कबीर फारूकी | अब्दुल कदीर | वार्ड नं. 25, काजी पाड़ा | 128.06 |
| 4. | मुन्नी-बेगम | इस्लामुद्दीन | वार्ड नं. 13, खांदड़ा पाड़ा | 36.69 |
| 5. | मुशेब अहमद | अब्दुल लतीफ | वार्ड नं. 01, काजी पाड़ा | 104.14 |
| 6. | नासेहा परदीन | मोहम्मद शोएब | वार्ड नं. 25, काजी पाड़ा | 53.66 |
| 7. | कल्ली शर्मा | विशम्भर शर्मा | वार्ड नं. 11 खांदड़ा पाड़ा | 46.13 |
| 8. | अहकामुल हक | इकरामुल हक | काजी पाड़ा, टोडाभीम | 242.00 |
| 9. | गीता देवी | मुकेश कुमार | वार्ड नं. 15, नौ बिस्वा | 87.47 |
| 10. | अब्दुल समद | अब्दुल सलाम | वार्ड नं. 03, खेल पाड़ा | 82.44 |
| 11. | अब्दुल वाहिद | जाहिद अली | वार्ड नं. 03, जुलाहा पाड़ा | 115.00 |
| 12. | सीमा बाई | प्रवीण कुमार मीना | वार्ड नं. 16, नौ बिस्वा | 198.22 |
| 13. | राधेश्याम शर्मा | केदार नाथ शर्मा | वार्ड नं.18, पावर हाउस केपास | 249.41 |
| 14. | रामनिरी देवी | रामजीलाल प्रजापत | वार्ड नं. 05, डूंगरपाड़ा | 21.72 |
| 15. | ममता सैन | नरेश कुमार सैन | वार्ड न. 06, सेड़ पाड़ा | 65.77 |
| 16. | राधा देवी | घनश्याम प्रजापत | वार्ड नं. 05, डूंगरपाड़ा | 68.52 |
| 17. | माया देवी बैरवा | मदन लाल बैरवा | वार्ड नं. 04, टोडी पाड़ा | 31.66 |
| 18. | रामजीलाल मीना | मूलचन्द मीना | वार्ड नं. 14, तांता कुआं | 46.97 |
| 19. | रामजीलाल मीना | मूलचन्द मीना | वार्ड नं. 14, तांता कुआं | 18.22 |
| 20. | शबाना | फजलूद्दीन | वार्ड नं. 07, फूटा महादेव | 63.29 |
| 21. | आसिफा खातून | शाहिद अली | काजी पाड़ा, टोडाभीम | 140.00 |
| 22. | राकेश, विनोद, रविन्द्र | भगवान दास गुप्ता | खांदड़ा पाड़ा, टोडाभीम | 97.38 |
| 23. | जगदीश प्रसाद गुप्ता | किशोरी लाल | वाड नं.12,नं.2, स्कूल के पास | 295.44 |
| 24. | पवन कुमार गुप्ता | जगदीश कुमार गुप्ता | वार्ड नं.12,नं.2, स्कूल के पास | 281.72 |
| 25. | सुनीता | धर्मपाल नट | वार्ड नं. 16, नौ बिस्वा | 114.77 |
| 26. | रीना देवी | नादान सिंह नट | वार्ड नं. 13, नौ बिस्वा | 92.88 |
| 27. | हरिराम महावर | कन्हैया लाल | वार्ड नं. 16, नौ बिस्वा | 115.94 |
| 28. | अशोक कुमार आर्य | प्रेमचन्द शर्मा | वार्ड नं. 07, पुरोहित पाड़ा | 63.88 |
| 29. | अरविन्द कुमार मित्तल | प्रेमचन्द मित्तल | वार्ड नं. 07, पुरोहित पाड़ा | 66.44 |
| 30. | सुआ प्रजापत | रेवड्या प्रजापत | वार्ड नं. 05, डूंगरपाड़ा | 116.66 |
| 31. | भौती देवी | जगदीश प्रसाद | वार्ड नं. 12, खांदड़ा पाड़ा | 79.63 |
| 32. | राधा कंवर | बृजभान सिंह | राजाजी का गढ, टोडाभीम | 300.00 |
| 33. | निहा खातून | सैफुल हक | काजी पाड़ा, टोडाभीम | 88.61 |
| 34. | राधा कंवर | बृजभान सिंह राजपूत | राजाजी का गढ, टोडाभीम | 163.55 |
| 35. | रामपति देवी | मदनलाल मित्तल | वार्ड नं. 07, पुरोहित पाड़ा | 27.44 |
| 36. | रामपति देवी | मदनलाल मित्तल | वार्ड नं. 07, पुरोहित पाड़ा | 84.33 |
| 37. | शादाब परवीन | तारिक अली | वार्ड नं. 25, काजी पाड़ा | 304.54 |
| 38. | रामस्वरूप बैरवा | रामहेत बैरवा | वार्ड नं. 04, टोडी पाड़ा | 69.64 |
| 39. | रामस्वरूप, मोहन लाल | रामहेत बैरवा | वार्ड नं. 04, टोडी पाड़ा | 124.76 |
| 40. | दीपकमल जौरवाल | बत्तूलाल मीना | वार्ड नं. 19, जिन्सी का पुरा | 296.22 |
| 41. | फरजीना | सब्बीर अली | वार्ड नं. 03, खेल पाड़ा | 39.46 |
| 42. | लोकेश कुमार | भगवान सहाय कहार | वार्ड नं. 16, नौ बिस्वा | 148.75 |
| 43. | अंगूरी देवी | जगदीशप्रसाद सैन | वार्ड नं. 08, तिवाड़ी पाड़ा | 51.88 |
| 44. | विमला देवी | दिलीप कुमार पटवा | वार्ड नं. 12, कोट पाड़ा | 46.00 |
| 45. | विमला देवी | रामचरण मीना | वार्ड नं. 16, जयराम का पुरा | 16.66 |
| 46. | कादिर खान | उस्मान जुलाहा | वार्ड नं. 03, खेल पाड़ा | 57.66 |
| 47. | काडूराम सैनी | विशन्या सैनी | वार्ड नं. 08, देव पाड़ा | 34.16 |
| 48. | जाकिरा बेगम | खलीक अहमद | वार्ड नं. 02, काजी पाड़ा | 123.66 |
| 49. | विमला देवी | दिनेश चन्द महावर | वार्ड नं. 13, नौ बिस्वा | 67.16 |
| 50. | मुकेश कुमार महावर | चौथी लाल महावर | वार्ड नं. 13, नौ बिस्वा | 40.97 |
| 51. | रेशमा | नाजिम | वार्ड नं. 03, खेल पाड़ा | 28.33 |
| 52. | विनोद | लालचन्द बैरवा | वार्ड नं. 04, टोडी पाड़ा | 29.75 |
| 53. | सआदत अली | शुजाअत अली | वार्ड नं. 25, काजी पाड़ा | 155.94 |
| 54. | सआदत अली | शुजाअत अली | वार्ड नं. 25, काजी पाड़ा | 107.83 |
| 55. | नाहिद अख्तर | सैयद नूरूलन | वार्ड नं. 03, खेल पाड़ा | 212.04 |
| 56. | आशा देवी | अशोक कुमार जंगम | वार्ड नं. 09, टोडाभीम | 109.00 |
| 57. | पंकेश प्रजापत | घसीड्या प्रजापत | वार्ड नं. 05, डूंगरपाड़ा | 73.51 |
| 58. | इब्राहिम खान | बसरूद्दीन | वार्ड नं. 06, डूंगरपाड़ा | 46.94 |
| 59. | अवतार नारायण | राधेश्याम | वार्ड नं. 07, गुदडी बाजार | 125.12 |
| 60. | मुकेशी देवी | खुशीराम मीना | वार्ड नं. 16, जयराम का पुरा | 283.88 |
| 61. | मुकेशी | संतराम मीना | वार्ड नं. 16, जयराम का पुरा | 53.33 |

इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय सबूत के सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है मयाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति अंगीकार नहीं होगी एवं नगरपालिका द्वारा पट्टा जारी करने की कार्यवाही पूर्ण कर दी जावेगी।
यह सूचना दिनांक 21.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर व मण्डल की मुद्रा द्वारा जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका टोडाभीम


## बलिदान दिवस के रूप में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**धौलपुर**। ज़िला भारतीय जनता पार्टी धौलपुर द्वारा ज़िला कार्यालय पर ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि गुरुवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशंभर दयाल शर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

देशहित में अनेक कार्य किए, जिन्हें भुलाना संभव नहीं है। बलिदान दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ज़िला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने सन 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की और दो निशान, दो प्रधान और दो संविधान का खुला विरोध किया।

कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरूआत की। तत्कालिक कांठोस सरकार के कुचक्र के कारण डॉ. मुखर्जी जेल गए और जेल में ही संदिग्ध हालत में मां भारती की सेवा में अपना जीवन बलिदान किया। नेता

> ‘श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया’

प्रतिपक्ष नगर परिषद व कार्यक्रम संयोजक कुक्कू शर्मा ने कहा कि विडम्बना यह है कि तात्कालीन सत्ता के खिलाफ जाकर सच बोलने की हिम्मत करने वाले डॉ. मुखर्जी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी, और उससे भी बड़ी विडम्बना की बात ये है कि आज भी देश की जनता उनकी रहस्यमयी मौत के पीछे के सच को जान पाने में नाकामयाब रही है। इस अवसर पर उपस्थिति पदाधिकरी और कार्यकर्ताओ द्वारा ज़िला कार्यालय प्रांगण में फ़लदार पौधे भी लगाए गए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पूर्व विधायक सुखराम कोली, जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, वरिष्ठ नेता ज़िला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, महामंत्री सत्येंद्र पाराशर, हरीनिवास प्रधान आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन में चढ़ते समय संतुलन बिगड़ने से युवक घायल



पैसेंजन ट्रेन में बैठते समय यवु का संतुलन बिगड़ने से गिर कर घायल हो गया।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। जयपुर-बयाना पैसेंजर ट्रेन में चलते समय बैठने का प्रयास कर रहे युवक का संतुलन बिगड़ने से प्लेटफार्म पर गिर गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रेलवे पुलिस ने घायल कोराजकीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

जीआरपी के कांस्टेबल कृष्ण गोपाल ने बताया कि गुरुवार को बयाना से जयपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन में सूरौठ स्टेशन से बैठ कर जयपुर आ रहे सूरौठ निवासी यात्री 18 वर्षीय ऋषि जागिड पुरुसोत्तम जांगिड़ हिंडौन स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन रुकने पर पानी पीने के लिए उतरा । धीमी गति से चलने लगी तो ऋषि ने ट्रेन निकलने के डर से आनन-फानन में भागकर ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। अचानक संतुलन बिगड़ने से पैर फिसल कर प्लेटफार्म पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तुरंत जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर यात्री ऋषि जांगिड़ को संभाला।


**पश्चिम मध्य रेल**

**आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना**

**संख्याः सी-548/4/4ATVM**

**Facilitator Vol-II दिनांकः 21.06.2022**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, प.म.रे. कोटा द्वारा निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैः- **आवेदन अधिसूचना सं.:** सी-सी-548/11/ATVM/2022, **कार्य का नामः** रेलवे के ग्रुप 'सी एवं डी' सेवानिवृत्त कर्मचारियों से 3% बोनस आधार पर टिकट वितरण का कार्य करने के लिए एटीवीएम मददगार की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 28.06.2022, 17:00 बजे तक, **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 29.06.2022, 13:00 बजे तक, **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समयः** 29.06.2022, 16:00 बजे। **नोटः** आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तों को वेबसाईट www.wcr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।


## जोनल मैनेजर ने हिण्डौन आगार का किया निरीक्षण


**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के जोनल मैनेजर भरतपुर ने गुरुवार को हिंडौन आगार का निरीक्षण के दौरान आगार की बसों का संचालन बढ़ाने के निर्देश दिए। गुरुवार को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के जोनल मैनेजर ललित शर्मा ने हिंडौन आगार के सभी अनुभागों का निरीक्षण किया। जिसमें कार्यशाला, कार्यालय, रोडवेज बस स्टैंड, आगार की गतिविधियों का निरीक्षण किया। जोनल मैनेजर ललित शर्मा ने आगार प्रबंधक गजानंद जांगिड़ को निर्देशित किया कि वाहनों का समय पर संचालन करने से निगम की आय बढ़ेगी।

कार्यशाला प्रभारी भाई राम गुर्जर को बसों का रखरखाव व मरम्मत कार्य पर विशेष जोर देने को कहा है। जिससे निर्धारित किलोमीटर तय कर निगम की आय अर्जित की जा सके।

# डीग पंचायत समिति के परसीमन के विरोध में तीसरे दिन भी रहा महापड़ाव

**भरतपुर** (निसं) । जिले की नगर विधानसभा क्षेत्र की नवगठित पंचायत समिति सीकरी में पंचायत समिति डीग से 9 पंचायतों का परसीमन करके सीकरी पंचायत समिति में जोड़ने के राज्य सरकार के फरमान के विरोध में मंगलवार से स्थानीय लोगो ने बेढम गाँव के पास महापड़ाव शुरू किया था जिसका आज तीसरा दिन है। महापड़ाव भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता नेम सिंह फौजदार के नेतृत्व में शुरू किया गया है।

फौजदार ने महापड़ाव के जरिये राज्य सरकार को चेतावनी जारी की है की यदि पांच दिन के अंदर यदि सरकार इस फैसले को बापस लेती है तो सरकार का स्वागत किया जायेगा अन्यथा उसके बाद रेलवे लाइन और सड़कों पर जाम लगाने का काम शुरू कर दिया जायेगा । गौरतलब है की इस परसीमन के



9 पंचायतों का परसीमन करके सीकरी पंचायत समिति में जोड़ने का लोगों ने विरोध किया।

विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने नेम सिंह फौजदार के नेतृत्व में पहले ही जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर 21 जून से महापड़ाव की घोषणा कर दी थी।

इसलिए महापड़ाव को मंगलवार से शुरू किया गया है द्य फौजदार ने कहा की सरकार का यह परसीमन का फैसला न्याय संगत नहीं है और उससे स्थानीय जनता में भारी आक्रोश है । किसी भी कीमत पर पंचायतों को असंवैधानिक तरीके से नहीं जोड़ने दिया जायेगा। राज्य सरकार का यह कदम स्थानीय लोगों के साथ कुठाराघात है जिसे वारदात किसी भी कीमत पर नहीं किया जायेगा।


**बेदखलीनामा**

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे दो पुत्र दीपक और विवेक हैं। बड़ा पुत्र दीपक और उसकी पत्नी निशा मुझसे अलग रहते हैं। मेरा पुत्र दीपक और पुत्रवधू निशा आए दिन मुझे व मेरी पत्नी कल्पना और अविवाहित छोटे बेटे विवेक को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित कर तंग-परेशान व अमानवीय व्यवहार करते हैं। पुत्रवधू निशा आत्महत्या की धमकी देकर मेरे व मेरी पत्नी और छोटे बेटे के खिलाफ पुलिस थाने में झूठे मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देती है। मैं अपने बड़े पुत्र दीपक और पुत्रवधू निशा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा उनसे कोई संबंध सरोकार नहीं रहेगा। अगर पुत्र दीपक व पुत्रवधू निशा किसी व्यक्ति से किसी तरह का कोई लेन-देन, संव्यवहार अथवा आपराधिक कृत्य करते हैं। तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। उसमें मेरी, मेरी पत्नी और छोटे बेटे की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।-**मुकेश कुमार शर्मा पुत्र नारायणलाल जाति ब्राह्मण निवासी आदर्श नगर सेक्टर नंबर 1 बयाना जिला भरतपुर (राज.)**